पीओपी प्रतिमाओं पर नहीं लगा अंकुश

रविन्द्र सिंह चौहान

ग्वालियर, 12 अक्टूबर। ग्वालियर में प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों पर प्रतिबंध पूरी तरह से प्रभावी नहीं हो सका है। नगर निगम द्वारा गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सागरताल पर अस्थायी विसर्जन कुंड बनाया गया था। कुंड का पानी सूखने के बाद वहां बड़ी संख्या में पीओपी की मूर्तियां साबुत मिली हैं, जिससे यह साफ हो गया है कि प्रतिबंध के बावजूद इनका विक्रय और विसर्जन हुआ।

प्रशासन ने प्रतिमा निर्माण स्थलों, दुकानों और बाहर से आने वाली मूर्तियों की जांच के लिए टीम का गठन किया था, लेकिन धरातल पर रोक बेअसर रही। ग्वालियर में गणेश उत्सव के दौरान 10 फीट से ऊंची प्रतिमाओं पर भी रोक लगाई गई थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका

बहरहाल, अब नवरात्रि में नदियों और तालाबों में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान केमिकल युक्त रंगों से होने वाले जल प्रदूषण को लेकर प्रदूषण नियंत्रण विभाग अलर्ट मोड पर है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब पीओपी से बनी देवी प्रतिमाओं को नदियों और तालाबों में विसर्जित नहीं होने दिया जाएगा।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पीओपी की मूर्तियों में उपयोग होने वाले केमिकल रंग पानी में घुलकर उसे जहरीला बना देते हैं। यही पानी आगे चलकर पीने और अन्य उपयोग में आता है, जिससे गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

इस बार शारदीय नवरात्रि में शहर में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अधिकांश पंडालों और घरों में मिट्टी से बनी ईको फ्रेंडली देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। मिट्टी की मूर्तियां न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि इनमें प्राकृतिक रंगों का उपयोग होने से जल स्रोतों को नुकसान भी नहीं पहुंचता। प्रशासन ने मूर्तिकारों और आयोजन समितियों से भी अपील की थी कि वे मिट्टी की प्रतिमाओं को प्राथमिकता दें।

यह हैं नियम, जिनका नहीं हो रहा पूर्ण पालन

- विसर्जन पूर्व जांच : विसर्जन से पहले नदियों और तालाबों के जल स्तर तथा प्रदूषण की स्थिति का आकलन करने के लिए सैंपल लिए जाने चाहिए
- कृत्रिम कुंडों का निर्माण : तालाबों को दूषित होने से बचाने के लिए प्रशासन के सहयोग से विशेष कृत्रिम विसर्जन कुंड बनाए जाते हैं।
- पूजन सामग्री का प्रबंधन : श्रद्धालुओं से अपील की जानी चाहिए कि वे पूजा सामग्री, फूल और पॉलीथिन को सीधे जल स्रोतों में न बहाएं।
- प्लास्टिक और थर्माकोल पर बैन : पंडालों में सजावट के लिए थर्माकोल, प्लास्टिक और सिंगल-यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित करना चाहिए।
- स्रोत पर पृथक्करण : गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के लिए 3 आर (रिड्यूस, रियूज़, रीसायकल) तकनीक और 'कचरे से कंचन' अभियान को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

इनका कहना है...



प्रशासन की पहल स्वागत योग्य है। हम पिछले दो साल से मिट्टी की दुर्गा प्रतिमाएं बना रहे हैं। मिट्टी की मूर्ति बनाने में समय ज्यादा लगता है, पर पर्यावरण सुरक्षित रहता है। ग्राहक भी अब समझदार हो गए हैं, वे खुद मिट्टी की देवी मूर्ति मांग रहे हैं। इससे हमारी कला को भी सम्मान मिल रहा है।

– रमेश प्रजापति, मूर्तिकार



पीओपी पर रोक से शुरू में परेशानी हुई, लेकिन यह सही निर्णय है। मिट्टी और प्राकृतिक रंग महंगे हैं, फिर भी हम लागत कम रखने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशासन यदि मिट्टी और रंगों पर सब्सिडी दे तो और मूर्तिकार प्रेरित होंगे। आने वाले समय में नवरात्रि पर पूरी तरह ईको फ्रेंडली देवी मूर्तियां ही बनेंगी।

– सुनील, मूर्तिकार

मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नवदुर्गा महोत्सव के दौरान पर्यावरण के संरक्षण और प्रदूषण को कम करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 'स्वच्छ पर्व, हरित पर्व' की परिकल्पना को साकार करना और पारंपरिक उत्सवों को पर्यावरण-अनुकूल बनाना है। हम मिट्टी की प्रतिमाओं को बढ़ावा दे रहे हैं और पीओपी पर सख्त रोक लगाई गई है। बोर्ड द्वारा पीओपी और रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाओं के निर्माण तथा बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई गई है।मूर्तिकारों और पूजा समितियों को केवल प्राकृतिक मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से बनी प्रतिमाओं का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया है। हम शिकायतों पर तत्काल एक्शन लेते हैं।

– डीवी सिंह जाटव, क्षेत्रीय अधिकारी, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

राज्यपाल पटेल 15 व 16 को ग्वालियर प्रवास पर

ग्वालियर 12 अक्टूबर। राज्यपाल मंगुभाई पटेल 15 अक्टूबर को ग्वालियर के दो दिवसीय प्रवास पर पधारेंगे। ग्वालियर प्रवास के दौरान राज्यपाल पटेल राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय एवं राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोहों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 15 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे वायु मार्ग से राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल महाराजपुरा पहुँचेंगे। यहाँ से व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार जायेंगे। राज्यपाल श्री पटेल इस दिन अपरान्ह 3.15 बजे कृषि महाविद्यालय में सेंट्रल प्रोसेसिंग लाइन का उदघाटन करेंगे। इसके बाद अपरान्ह 3.45 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में पहुँचकर विश्वविद्यालय के 12वे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार पहुँचकर विश्राम करेंगे।



जहाँ से अधिक शिकायतें, वहाँ किया जाएगा विशेष फोकस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12 अक्टूबर। सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर जिस क्षेत्र से अधिक शिकायतें दर्ज हो रही हैं, संबंधित विभागीय अधिकारी उस क्षेत्र की शिकायतों का विश्लेषण कर अधिक शिकायत आने का कारण पता लगाएं। साथ ही उस क्षेत्र में विशेष फोकस कर जन समस्याओं का निराकरण करें, जिससे लोगों को सीएम हैल्पलाइन पर शिकायत करने की जरूरत न पड़े।

इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिक अवधि से लंबित सीएम हैल्पलाइन शिकायतों का विशेष गंभीरता के साथ निराकरण करने पर भी विशेष जोर दिया।

सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रावत ने सेवा-संकल्प अभियान एवं संबल पंजीयन व इससे संबंधित आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की। साथ ही राज्य शासन द्वारा निर्धारित केपीआई (की पर्फोमेंस इंडीकेटर) के तहत विभागवार हितग्राहीमूलक योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति की समीक्षा भी की।

संविधान बचाने निकले कांग्रेस के लोकतंत्र बचाओ मार्च में ग्वालियर की भी बड़ी भागीदारी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12 अक्टूबर। वोट चोरी के खिलाफ आवाज बुलंद करने और निष्पक्ष चुनाव तथा जनता के मताधिकार की रक्षा के संकल्प के साथ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे एवं प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व में ग्वालियर के अनेक कॉंग्रेसजन दिल्ली पहुंचे।

वोट की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा : यादव

बाराखंबा रोड से सुप्रीम कोर्ट तक आयोजित मार्च में शामिल होकर कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र, संविधान और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि वोट चोरी लोकतंत्र की बुनियाद पर चोट है। लोकतंत्र में जनता का वोट ही सबसे बड़ी ताकत है और इस ताकत को कमजोर करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। निष्पक्ष चुनाव और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश और संविधान में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक का सवाल है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ और वोट बचाओ अभियान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने तथा जनता के मताधिकार की रक्षा करने का आंदोलन है। जब भी लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं, तब उनकी रक्षा के लिए आवाज उठाना प्रत्येक लोकतंत्र समर्थक नागरिक की जिम्मेदारी बन जाती है। दिल्ली में आयोजित यह मार्च इसी संकल्प और संघर्ष का प्रतीक है। कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से एकजुट हैं। जनता के वोट की ताकत से ही सरकारें बनी हैं और जनता के मताधिकार का सम्मान ही लोकतंत्र की असली पहचान है। कांग्रेस का संकल्प है कि देश में निष्पक्ष चुनाव, पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया और प्रत्येक मतदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

250 वर्षों से भक्तों के बीच आस्था का केंद्र बना है 'मां कैला देवी मंदिर'

राशी भदौरिया


ग्वालियर, 12 अक्टूबर। ग्वालियर के महलगांव क्षेत्र में स्थित मां राजराजेश्वरी कैला देवी मंदिर करीब 250 वर्षों से भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। यह मंदिर छोटी करौली के नाम से भी प्रसिद्ध है। मां कैला देवी के इस मंदिर की महिमा अपरंपार है। कभी घने जंगलों से घिरा यह मंदिर भक्तों के बीच एक प्रमुख शक्तिपीठ बन गया है। यहां माता की पूजा अर्चना एक महारानी की तरह की जाती है। जो भक्त किसी वजह से राजस्थान में मां कैला देवी के दरबार में नहीं पहुंच पाता वो यहां पर आकर माता से अपनी मुरादें मांगते हैं। ग्वालियर के सिंधिया परिवार की भी इस मंदिर से गहरी आस्था जुडी है। मुख्य मंदिर के भीतर मां चामुंडा देवी, मां सरस्वती, भैरव नाथ, हनुमान जी, राम दरबार और आसमानी माता की मूर्तियां भी स्थापित हैं। परिसर में एक कुंड भी है जिसके बीच में रामेश्वर महादेव का शिवलिंग स्थापित है।



कैसे हुआ मंदिर का निर्माण

मंदिर के महंत के पूर्वज श्री हीरालाल शर्मा को स्वप्न में आकर माता ने अपनी सेवा का अवसर प्रदान किया, जिसके बाद उन्होंने करौली माता के मंदिर का निर्माण करवाया। राजस्थान से लाकर माता की पिंडी रूप में प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई फिर यहां माता को मूर्तिरूप में विराजमान करवाया गया। नवरात्रि के नौ दिन दूर-दूर से भक्त यहां मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचते है।

समय समय पर हुए चमत्कार : आज से लगभग 20-25 वर्ष पहले एक भक्त ने अपनी मनोकामना पूरी होने पर मंदिर आकर माता को अपनी जुबान काट कर समर्पित की थी। लेकिन भक्त की जुबान अपने स्थान से गायब हो गई। सब हैरत में पड़ गए की भक्त की जुबान कहां गई। दरअसल मां से भक्त की तकलीफ देखी नहीं गई उन्होंने अपना चमत्कार दिखाया और भक्त की जुबान फिर से जोड़ दी। इसके साथ ही मां भक्तों के बीच सुनी गोद भरने के लिए भी प्रसिद्ध है। मंदिर परिसर में भक्त संतान प्राप्ति के लिए मन्नत के स्वस्तिक बनाकर जाते है और संतान प्राप्ति के पश्चात् यहां आकर अपने बच्चों का मुंडन करवाते है।



मां कैला देवी की भक्तों पर असीम कृपा है। मां भक्तों की सारी मुरादे पूरी करती है। भक्तों के बीच मां सुनी गोद भरने के लिए प्रसिद्ध है। गोद भरने के बाद भक्त अपने बच्चे का मुंडन यहां करवाकर माता रानी को बाल अर्पित करते हैं।

– रामकुमार शर्मा (महंत)



मैं कई सालो से माता के दर्शन करने आ रहा हूँ। मेरी और मेरे परिवार की माता में बहुत आस्था है। नवरात्रि के समय मैं प्रतिदिन यहां दर्शन करने आता हूँ। मां के दर्शन कर मन को आतंरिक शांति और सुकून मिलता है।

– दिलीप गायकवाड़ (भक्त)



हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न, पेश है मध्य प्रदेश के **राजू धुर्वे** की **गोंड कला.**

गोल्ड कॉइन और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹2 500* तक

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000$ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4 999* से शुरू

एक्सक्लूसिव कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200* तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply | Hero GoodLife | Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. $T&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलरः अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, अमानगंजः असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिन्ड : शिवम् मोटर्स 9289922787.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95